प्रादेशिक समाचार
दिनांक–09.03.2026 (दोपहर– 1455 बजे)

विधानसभा के बजट सत्र में आज दूसरी पाली में विभिन्न विभागों की अनुदान मांगों पर चर्चा जारी है। इससे पहले प्रश्न काल में भाजपा विधायक सत्येन्द्र नाथ तिवारी सरकारी पदों की रिक्तियों का मामला उठाया। जवाब में संसदीय कार्य मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने सदन को बताया कि राज्य सरकार अब तक 30 हजार से अधिक नियुक्तियां कर चुकी है। उन्होंने स्पष्ट किया कि वित्तीय संसाधनों और आवश्यकता के आधार पर जेपीएससी और जेएसएससी के माध्यम से भर्ती प्रक्रिया जारी है।

****

अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में रांची रेल मंडल ने आज हटिया में सम्मान समारोह और सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया। डीआरएम करुणा निधि सिंह ने बताया कि रेलवे के हर विभाग में महिलाओं की भागीदारी बढ़ रही है और मंडल में 11 प्रतिशत महिला कर्मी कार्यरत हैं।

इस दौरान उत्कृष्ट कार्य करने वाली रेल कर्मियों को सम्मानित किया गया। मौके पर सीनियर डीसीएम शुचि सिंह ने बताया कि ऑपरेशन मेरी सहेली के जरिए महिला सुरक्षा पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है।

****

यूपीएससी परीक्षा में गिरिडीह जिले के दो होनहारों, पचम्बा के कर्ण सेठ और भंडारीडीह की नाजिया प्रवीण ने सफलता हासिल की है। इस उपलब्धि पर डीसी राम निवास यादव ने आज उनके परिजनों को शाल ओढ़ाकर सम्मानित किया। डीसी ने इसे युवाओं के लिए प्रेरणा बताते हुए कहा कि कड़ी मेहनत से कोई भी लक्ष्य हासिल किया जा सकता है।

****

गिरिडीह में बिहार एसटीएफ और स्थानीय पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए दो अपराधियों को गिरफ्तार किया है। बेंगाबाद थाना क्षेत्र में हुई इस छापेमारी में जमुई के पंकज यादव और कोडरमा के पवन सिंह को पकड़ा गया। एएसपी सुरजीत सिंह ने बताया कि दोनों पूर्व में नक्सली गतिविधियों में शामिल रहे हैं और वर्तमान में आपराधिक वारदातों से जुड़े थे। गिरफ्तार अभियुक्तों को बिहार एसटीएफ अपने साथ ले गई है।

****

बोकारो जिला व्यवहार न्यायालय को बम से उड़ाने की धमकी भरा ईमेल मिलने की सूचना पर एसपी हरविंदर सिंह खुद पुलिस बल और डॉग स्क्वायड के साथ मौके पर पहुंचे। सुरक्षा के मद्देनजर पूरे कोर्ट परिसर को खाली कराकर सघन तलाशी अभियान चलाया गया। एसपी ने बताया कि पुलिस के आला अधिकारियों की मौजूदगी में सुरक्षा व्यवस्था पुख्ता कर दी गई है और साइबर सेल धमकी भेजने वाले का सुराग लगाने में जुटी है।

****

जमशेदपुर के राखा माइंस क्षेत्र के लोगों की 30 वर्षों की लंबी प्रतीक्षा आज समाप्त हुई। इस स्टेशन पर अब उत्कल एक्सप्रेस का ठहराव शुरु हो गया है। सांसद विद्युत वरण महतो ने आज राखा माइंस स्टेशन पर इस ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर उन्होंने इसे स्थानीय जनता की जीत बताया और रेल मंत्री का आभार व्यक्त किया।

****

राज्य में आज से अगले तीन दिनों तक मौसम का मिजाज बदलने वाला है। मौसम विज्ञान केन्द्र रांची ने राज्य के करीब 20 जिलों के लिए यलो अलर्ट जारी किया है। मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार इस दौरान मेघ गर्जन के साथ बारिश और वज्रपात की प्रबल आशंका है। प्रशासन ने लोगों से खराब मौसम के दौरान सुरक्षित स्थानों पर रहने और पेड़ों के नीचे शरण न लेने की अपील की है।

******समाप्त*********